# कलेक्टर व एसपी ने शुभकामनाओं के साथ मतदान दलों को किया रवाना : आज सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

## मतदान दल उत्साहित, कहा सफलता पूर्वक मतदान संपन्न कराकर लौटेंगे

- लैलूंगा, रायगढ़ एवं खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए केआईटी रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए डाईट धरमजयगढ़ से हुआ सामग्री वितरण







रायगढ़

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण में 7 मई को होने वाले मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने तीन विधान सभाओं के मतदान दल केआईटी गढ़उमरिया रायगढ़ से रवाना हुए। जिसे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने शुभकामनाओं के साथ मतदान दलों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 07 मई को सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक मतदान होगा।

उल्लेखनीय है कि जिले के चारों विधान सभा में कुल 1144 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिसमें से 1085 मतदान केंद्र रायगढ़ जिले और रायगढ़ विधानसभा के 59 मतदान केंद्र सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में स्थित है। जिसमें आज जिले के तीन विधान सभा क्षेत्र रायगढ़, खरसिया एवं लैलूंगा के लिए केआईटी कालेज गढ़उमरिया, रायगढ़ में मतदान सामग्री वितरण किया गया। वहीं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट)धरमजयगढ़ में वितरण किया गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में स्थित रायगढ़ विधानसभा के 59 केंद्रों के लिए सामग्री सारंगढ़ से वितरित की गई।

कलेक्टर गोयल ने केआईटी कालेज गढ़उमरिया में विधानसभा क्षेत्र रायगढ़, खरसिया एवं लैलूंगा के सामग्री वितरण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभावार सामग्री वितरण का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही मतदान दलों से व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। उन्होंने मेडिकल हेल्थ सेंटर का निरीक्षण करते हुए उपचार हेतु आने वाले मरीजों के संबंध में जानकारी ली। डॉ.भानु पटेल ने बताया कि सामान्य सर्दी, खांसी के साथ ही बीपी, शुगर, मरीज अपना चेकअप करवाकर दवाईयां प्राप्त कर रहे है। इस दौरान उन्होंने पुलिस हेल्प डेस्क का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान दल के सामग्री प्राप्ति के पश्चात मतदान दल को पुलिस मुहैय्या करवाकर तत्काल रवाना किया जाए। इस दौरान उन्होंने सशुल्क फूड काउंटर पहुंचे एवं वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

मतदान दलों ने व्यवस्थाओं को सराहा, कहा-सफलता पूर्वक मतदान संपन्न कराकर लौटेंगे

विधानसभावार मतदान दलों को सामग्री वितरण करने हेतु अलग-अलग काउंटर बनाया गया था। वहीं गर्मी के मद्देनजर कलेक्टर गोयल के निर्देश पर केआईटी परिसर में मतदान दलों के सुविधा के लिए पर्याप्त कूलर की व्यवस्था की गई थी। साथ ही पानी, अलग-अलग फ्लेवर के शर्बत, आम पना तथा ओआरएस रखा गया था। सामग्री वितरण स्थल पर पर्याप्त सुविधाओं को लेकर मतदान दलों ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक जिम्मेदारी का काम जिसे वे सफलता पूर्वक संपन्न कराकर लौटेंगे।

55 काउंटर से बांटे गए तीन विधानसभाओं के 804 मतदान केंद्रों के लिए सामग्री, धरमजयगढ़ विधानसभा के 281 मतदान केंद्रों के लिए डाइट धरमजयगढ़ के 17 काउंटर से वितरित हुई सामग्री

केआईटी में तीन विधानसभाओं के 804 मतदान केंद्रों के लिए सामग्री वितरित किए गए। जिसमें रायगढ़ के 233 केंद्र के लिए 16 काउंटर, लैलूंगा के 282 केंद्रों के लिए 19 काउंटर और खरसिया के 289 मतदान केंद्रों के लिए 20 काउंटर से सामग्री वितरित की गई। धरमजयगढ़ विधानसभा के 281 मतदान केंद्रों के लिए डाइट, धरमजयगढ़ में बनाए गए 17 काउंटर से सामग्री वितरित की गई।

## लोकसभा निर्वाचन-2024

### लोकसभा क्षेत्र क्रमांक- 02 'रायगढ़' की संख्यात्मक जानकारी

**रायगढ़ लोक सभा कुल मतदाता- 18,38,547**
रायगढ़ लोक सभा कुल पुरुष मतदाता- 9,08,093
रायगढ़ लोक सभा कुल महिला मतदाता - 9,30,404
रायगढ़ लोक सभा कुल तृतीय लिंग मतदाता- 50

### जिले वार मतदाता संख्या

**जशपुर-** कुल मतदाता-6,71,846
पुरुष-3,30,282, महिला-3,41,545, तृतीय लिंग-19

**रायगढ़ -** कुल मतदाता- 8,99,624
पुरुष- 4,45,877, महिला-4,53,720 तृतीय लिंग- 27

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (जो मतदाता रायगढ़ लोकसभा में शामिल हैं)-** कुल मतदाता- 2,67,077, पुरुष-1,31,934- महिला- 1,35,139, तृतीय लिंग- 4

### विधानसभावार मतदाता संख्या

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12-जशपुर-**
पुरूष-1,18,383, महिला-1,20,335 तृतीय लिंग-13

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13-कुनकुरी**
पुरूष-1,00,696, महिला-1,05,059 तृतीय लिंग- 4

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14-पत्थलगांव**
पुरूष-1,11,203, महिला-1,16,151, तृतीय लिंग- 2

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा**
पुरूष-1,02,463, महिला-1,03,880 तृतीय लिंग-0

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़**
पुरूष-1,30,987, महिला-1,31,440 तृतीय लिंग- 20

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17-सारंगढ़**
पुरूष-1,31,934, महिला-1,35,139 तृतीय लिंग- 4

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया**
पुरूष-1,08,036, महिला-1,08,757 तृतीय लिंग- 4

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़**
पुरूष-1,04,391, महिला-1,09,643 तृतीय लिंग-3

### 8 विधानसभा में कुल 2,367 मतदान केन्द्र

**जशपुर**
विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12-जशपुर-325
विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13-कुनकुरी-278
विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14-पत्थलगांव-275

**रायगढ़**
विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा-282
विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़-292 (रायगढ़ जिले में स्थित- 233+ सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में स्थित- 59)
विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया-289
विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़-281

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**
विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17-सारंगढ़-345

**संगवारी मतदान केन्द्र - 40**
लैलूंगा, खरसिया, रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाये गये है।

**दिव्यांग मतदान केन्द्र- 04**
लैलूंगा, खरसिया, रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ में 1-1 दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाये गये है।

**युवा मतदान केन्द्र- 04**
लैलूंगा, खरसिया, रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ में 1-1 युवा मतदान केन्द्र बनाये गये है।

# 7 मई मतदान दिवस के दिन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

रायगढ़

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा राज्य के समस्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों हेतु लोकसभा निर्वाचन-2024 के संबंध में कार्यक्रम जारी की गई है। जिसके तहत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हेतु मतदान तिथि को सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार 7 मई 2024 मंगलवार को तृतीय चरण में रायगढ़ (अजजा)02 संसदीय क्षेत्र में मतदान होगा। जिसमें जशपुर, रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला शामिल है। उक्त जिले में मतदान के दिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हेतु सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

## 7 मई मतदान के लिए प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक समय निर्धारित

### कलेक्टर गोयल ने जिले के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु किया अपील

लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए कल 7 मई को मतदान होगा। मतदान का समय प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जिले के सभी मतदाताओं को नियत समय में अपने मतदान केन्द्रों में जाकर मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अपील किया है।

# मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

- रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 7 मई को
- सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का कर सकेंगे प्रयोग

रायगढ़

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तीसरे चरण में 7 मई 2024 को रायगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 के लिए मतदान होगा। सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# ई-संजीवनी कंसल्टेन्सी बना मरीजों का हमदर्द : केवल एक वीडियो कॉल से मरीजों को मिल रही है उचित चिकित्सकीय परामर्श

दंतेवाड़ा | आरएनएस




जिला मुख्यालय के जिला अस्पताल में विगत दो महीनों से प्रारंभ हुई टेलीमेडिसिन की नवीन पहल। जिसे ''ई-संजीवनी साथी'' कहा जा सकता है। वास्तव में दूर दराज के मरीजों के लिए एक हमदर्द साबित हो रहा है। केवल एक वीडियो कॉल के माध्यम से चिकित्सकों द्वारा मरीजों से सीधे रूबरू होकर उनके शारीरिक व्याधियों के लक्षणों को सुना जाता है और बीमारियों का सूत्र पकड़ते हुए उचित औषधियों के सेवन का परामर्श, परहेज अथवा सीधे अस्पताल आने की सलाह दी जाती है। इस चिकित्सकीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का सबसे बड़ा लाभ उन मरीजों एवं उनके परिजनों को हो रहा हैं जो दूर दराज के क्षेत्रों में निवास करते है और तुरन्त जिला अस्पताल नहीं पहुंच सकते। टेलीमेडिसिन के जरिये जिला अस्पताल के चिकित्सक प्रतिदिन दो घंटे के लिए मरीजों हेतु उपलब्ध रहते है जहां उन्हें 40 से अधिक ग्रामीण प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से विडियो कॉल मिलती है और वे लोगों को सीधे चिकित्सकीय परामर्श देते है। और मरीजों को रोगों की गम्भीरता का पता चलने के साथ-साथ और उन्हें समय पर उचित इलाज कराने का विकल्प मिल जाता है। इस सुविधा के प्रारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को सीधे अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ती है और वे समय रहते उपचार प्रारंभ करा सकते है। इसके साथ ही उन्हें अस्पताल आने जाने के खर्चे, दूरी, समय की बचत, जैसी सुविधाएं होने के साथ-साथ अस्पताल में भीड़ से हो रही असुविधा का भी सामना नहीं करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (आरएचओ) से सम्पर्क किया जाता है जहां जिला अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराये गये लिंक के माध्यम से जिला अस्पताल सम्पर्क साधा जाता है और उपलब्ध चिकित्सक मरीजों से मश्वरा करते है। तत्पश्चात चिकित्सको के परामर्श अनुसार उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एएनएम एवं सीएचओ द्वारा मरीजों को निशुल्क दवाई दी जाती हैं।

इस संबंध में अस्पताल में उपस्थित टेली कंसल्टेन्सी पूजा डे एवं आरएमए शत्रुघन सोनी ने बताया कि जिला प्रशासन की इस पहल से विडियो कॉल के माध्यम से कई मरीजों की बीमारियों की स्थिति का पता समय से पूर्व पता चलने के साथ-साथ उपचार कराने का पर्याप्त समय मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम पालनार निवासी एक ग्रामीण के कैंसर के प्रारंभिक स्टेज का पता भी विडियो कंसल्टेन्सी के माध्यम से मिला और अब ग्रामीण का उपचार प्रारंभ हो चुका है। इस प्रकार अब तक 1 हजार से ज्यादा मरीज इस सुविधा का लाभ ले चूके है। कुल मिलाकर सुदूर ग्रामीण अंचल में रहने वाले आम ग्रामीण के लिए यह सुविधा वरदान है जो किसी भी प्रकार की शारीरिक अस्वस्थता के चलते जिला चिकित्सालय नहीं आ पाते है वे ऐसी स्थिति में अपने ग्राम के समीप ही जिला चिकित्सकों से संवाद कर उचित स्वास्थ्य सलाह ले रहे है।

# मतदान के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं 120 वर्षीय डालमो महार और दिव्यांग

सारंगढ़ बिलाईगढ़



जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने वाले प्रेरणादायक शख्सियत की सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में कमी नही है।

बरमकेला विकासखंड के ग्राम तरेकेला में पारिवारिक सदस्यों के अनुसार लगभग 120 आयु की बुजुर्ग महिला डालमो महार ने डाक मत से अपना मतदान दी है। वर्तमान में वे चल फिरकर आना जाना कर लेती हैं। चेहरे और शरीर पूरी तरह से शिथिल और झुरियों आ गई हैं। यह बुजुर्ग अपने पांचवे पीढ़ी के साथ अपने जीवन को जी रही हैं। इसी प्रकार तरेकेला गांव के 30 वर्षीय दिव्यांग जप्ति चौहान ने भी डाकमत से अपनी दिव्यांगता को भूलकर खुशी से डाकमत के माध्यम से मतदान की। इसी प्रकार जिले के कई ऐसे दिव्यांग और बुजुर्ग है, जो सामान्य नागरिकों के लिए मतदान करने जाने के प्रेरणा स्त्रोत हैं।

# रायपुर के मतदान केंद्र बने आकर्षण का केंद्र, धूप से बचाव के लिए कूलर, ठंडे पानी,नींबू पानी, ओआरएस सहित मेडिकल टीम की व्यवस्था

- वन मंडल कार्यालय,बी पी पुजारी और आर डी तिवारी स्कूल सहित कई मतदान केंद्र बने आकर्षण का केंद्र
- मतदान दल पहुँचे बूथ पर,पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर हुआ आत्मीय स्वागत

रायपुर | आरएनएस

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों को मतदाताओं के सुविधा अनुरूप तैयार किया गया है।मतदान दल आज नियत केंद्रों पर पहुँच गये हैं, बूथ पर पहुंचते ही सभी बूथ पर दल पर पुष्प वर्षा कर रोली चंदन लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

वन मंडल कार्यालय मतदान केन्द्र- शहर के वन मंडल कार्यालय परिसर को सूखे पत्तों से ढँककर मतदाताओं के लिए छाँव की तैयारी की गई है।हरे भरे पत्तियों से मंडप की तरह परिसर को आकर्षक स्वरूप दिया गया है। मतदान केंद्र में सभी के लिए समुचित पेयजल,नींबू पानी,विश्राम स्थल की सुविधा सहित चिकित्सा टीम भी उपस्थित रहेगी ताकि यहां पर पहुंचने वाले किसी भी मतदाता को गर्मी की वजह से समस्या न हो।

जिला पंचायत मतदान केंद्र - शासकीय कार्यालय को खस लगाकर ठंडक दी जा रही जिससे मतदाताओं को गर्मी से परेशान न होना पड़े। इस केंद्र में मतदान के दौरान एसी की भी सुविधा मिलने वाली है। घने बड़े पेड़ होने के कारण इस केंद्र में गर्मी का असर भी कम रहेगा।यहाँ बने विश्राम स्थल भी ख़ास है, जिसके पास ही पानी, चिकित्सा सुविधा व नींबू पानी भी उपलब्ध होगा।

देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी केंद्र- हरीतिमा युक्त बनाकर इस केंद्र को आकर्षक बनाया गया है। विशाल वृक्ष के छाया तले बैठक व्यवस्था किए जाने से गर्मी से बचाव होगा।

आर डी तिवारी स्कूल,बी पी पुजारी स्कूल- आदर्श मतदान केंद्र होने के कारण आकर्षक डिज़ाइन देकर स्वागत द्वार बने हैं,मतदान दौरान नि:शक्त ,बुजुर्ग,महिला व अन्य वोटर्स को देर तक खड़ा न रहना पड़े,इसलिए क़तार के साथ ही बेंच लगाये गये हैं ,जिस पर बैठकर मतदाता अपनी बारी का इंतज़ार कर सकेंगे। आयुर्वेदिक कॉलेज,मायाराम सुरजन स्कूल,दिशा कॉलेज,शहीद स्मारक स्कूल- अन्य सभी मतदान केंद्र की तरह इन केंद्रों को भी व्यवस्थित कर मतदाताओं के सुगम मतदान हेतु पूरी तैयारी है।सुविधाजनक विश्राम स्थल ,पेयजल,प्रसाधन की सभी सुविधाएं यहाँ भी सुलभ है।

# फर्जी ऋण पुस्तिका दिखाकर दूसरे के जमीन का किया सौदा, 20 लाख रूपए लेकर की धोखाधड़ी आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव | आरएनएस




दूसरे की जमीन का फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर अपना बताकर सौदा करने तथा 19 लाख 50 हजार रूपये प्राप्त कर ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दीवानभेड़ी तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव निवासी प्रार्थी हेमशंकर चंद्राकर पिता रामनारायण चंद्राकर ने दिनांक 16.02.2024 को सिटी कोतवाली थाने में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 2.02.2019 से 8.05.2023 के मध्य आरोपी प्रदीप कुमार घटोडे उर्फ संजय पिता स्व. दामोदर राव घटोडे उम्र 52 वर्ष साकिन स्टेशन पारा गोरेलाल चाल राजनांदगांव हाल निवास निर्मला श्रीवास्तव का मकान नं. 05 पाण्डूरंग कॉलोनी राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा कौरिनभांठा पहनं 41 गांधी नगर राजनांदगांव से लगा हुआ जमीन को अपना बताकर फर्जी ऋण पुस्तिका दिखाकर उससे 20 लाख रूपये में सौदा तय किया गया। और प्रार्थी से आरोपी ने 13 लाख रूपये आरटीजीएस के माध्यम से दिनांक 2.02.2019 को तथा 6 लाख 50 हजार रूपये नगद प्राप्त कर 50 हजार रूपये को पंजीयन के समय प्राप्त करने का करार किया गया। रजिस्ट्री का समय आने पर आरोपी द्वारा टालमटोल किया जाने लगा। जिससे परेशान होकर प्रार्थी ने अपनी राशि को वापस मांगी तो आरोपी आपसी राजीनामा कर राशि वापसी का तीन चेक दिया गया, जिसे बैंक मे जमा करने पर बाउंस हो गया। जिसके बाद रकम मांगने पर टाल-मटोल किया जाने लगा तथा फरार हो गया। जिसके बाद प्रार्थी को ठगे जाने का एहसास होने पर उसने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 420 भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले में अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली से आरोपी घटना दिनांक से फरार था, जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान सोमवार को मुखबीर की सूचना पर आरोपी प्रदीप कुमार घटोडे उर्फ संजय पिता स्व. दामोदर राव घटोडे उम्र 52 वर्ष साकिन स्टेशन पारा पाण्डूरंग कॉलोनी राजनांदगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसमें आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। जिसपर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480